प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में हरेला पर्व के साप्ताहिक समारोह के दूसरे दिन भी कुलपति ने छात्रों के साथ किया वृक्षारोपण

पंतनगर। 17 जुलाई 2023। विश्वविद्यालय में हरेला पर्व के साप्ताहिक समारोह के अंतर्गत आज दूसरे दिन कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर हरेला के महत्व को बताते हुए डा. चौहान द्वारा सभी से वृक्षारोपण करने हेतु आह्वान किया गया। विशेषकर विद्यार्थियों से एक वृक्ष के पौध रोपण का सुझाव दिया गया ताकि वह डिग्री प्राप्त कर पुनः विश्वविद्यालय प्रागंण में एल्यूमनस के रूप में वापस लौटे तो देखे कि उनके द्वारा लगाए गये वृक्ष की कितनी वृद्धि हुई है जोकि एक बहुत सुखद क्षण होगा। उन्होंने वृक्षारोपण का पर्यावरण के संरक्षण एवं संतुलन को बनाए रखने तथा भू–स्खलन से बचाव में वृक्षों की महत्ता के बारे में बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया, तत्पश्चात् कुलपति एवं संकाय सदस्यों द्वारा पंत भवन छात्रावास में भी वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय डा. एस.पी. सिंह द्वारा कुलपति का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह, निदेशक प्रसार शिक्षा एवं संचार डा. जे.पी. जायसवाल, डा. संजय कुमार निदेशक जैव–प्रौद्य ोगिक, यूकोस्ट हल्दी, वेटेनरी सोसाइटी के स्टाफ काउंसलर डा. राजीव रंजन, डा. बी.एन. शाही, डा. जी.एस. बोहरा, डा. भाष्कर तिवारी, पंत भवन छात्रावास के वार्डन डा. अमन कम्बोज तथा महाविद्यालय के अन्य संकाय सदस्य, सहायक वार्डन एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम वेटेनरी सोसाइटी द्वारा आयोजित किया गया।





*हरेला पर्व के अवसर पर महाविद्यालय में संबोधित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*

**निदेशक संचार**